हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 22 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 33 .6 डिग्री
न्यूनतम 18 .0 डिग्री

12 छात्रों पर बेरहमी से हुए लाठीचार्ज पर भड़के युवा ...

12 बूथ सशक्त होगा तो संगठन मजबूत होगा ...


## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर युवक पर हमला, फोन छीनकर फरार

**यमुनानगर।** आजाद नगर गली नंबर-5 में घर में घुसकर एक युवक पर डंडों से हमला करने और उसका मोबाइल छीनकर फरार होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने जांच के बाद लविश को नामजद करते हुए उसके कुछ अन्य साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता विधांति देवी ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे राजू का कुछ दिन पहले कॉलोनी निवासी लविश से विवाद हुआ था। 19 जुलाई की शाम करीब 7:30 बजे लविश अपने साथियों के साथ घर में घुस आया और राजू पर डंडों व अन्य वस्तु से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोप है कि जाते समय आरोपी राजू का मोबाइल भी छीन ले गए। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगाने का आरोप

**यमुनानगर।** सदर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी से 14 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला युवक सुजीत कुमार शादी का झांसा देकर उसे अपने साथ ले गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता संजय के अनुसार, 19 जुलाई की रात खाना खाने के बाद उनकी बेटी कमरे में सो गई थी। देर रात करीब 11:30 बजे वह घर से गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। जांच में पता चला कि पड़ोसी युवक सुजीत कुमार भी अपने घर से लापता है। परिजनों ने आरोप लगाया कि वह किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर में घुसकर लाखों के जेवर व नकदी चुराए

**यमुनानगर।** थाना छप्पर क्षेत्र के गांव सबलपुर में चोरों ने रात के समय घर में घुसकर लाखों रुपये के सोने व चांदी के जेवर तथा 10 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव सबलपुर माजरी निवासी सुधीर कुमार ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 जुलाई को रात के समय वह खाना खाकर परिवार के सदस्यों के साथ घर पर सो गया था। सुबह जब वह जागे तो उन्हें घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर से सोने का हार, कोका, चांदी की अंगूठी, चांदी की चेन, बच्चों की कंगनी, दो जोड़ी चुटकी तथा 10 हजार रुपये गायब मिले। उसने बताया कि चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब एक लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चाकू की नोक पर लूट का प्रयास, तीन पकड़े

**करनाल।** पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र में दुकानदार से चाकू की नोक पर नकदी लूटने का प्रयास करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू, दो मोटरसाइकिल और कुछ नकदी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, 19 जुलाई को संगोहा गांव निवासी अमित ने शिकायत दी थी कि तीन युवक उसकी परचून की दुकान पर पहुंचे। एक ने गले पर चाकू रखा, दूसरे ने उसे जमीन पर गिरा दिया, जबकि तीसरे ने दुकान से नकदी निकाल ली। जांच के दौरान पुलिस ने अंकित, रमन और रजत को गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेश किया कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने की बैरिकेडिंग, भारी सुरक्षा के बीच किसानों को रोका

# दो मांगों पर बनी सहमति, किसानों का दिल्ली कूच फिलहाल स्थगित

किसान नेता गुरनाम चढ़ूनी रिहा, केंद्रीय कृषि मंत्री से जल्द वार्ता का आश्वासन

- किसान बोले- मांगें नहीं मानीं तो दोबारा करेंगे दिल्ली कूच, शंभू बॉर्डर पर नहीं लगेगा पक्का मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पंजाब के किसानों ने अमेरिका-भारत के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में दिल्ली कूच स्थगित कर दिया। शंभू बॉर्डर पर डटे भारी संख्या में किसान अब वापिस लौटने लगे हैं। उधर कुरुक्षेत्र पुलिस ने किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी को भी रिहा कर दिया। किसानों के वापिस लौटने के साथ ही पुलिस को भी राहत की सांस मिली। किसानों की वजह से बंद किए गए शंभू बॉर्डर को फिर से वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। बॉर्डर बंद होने से ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया था। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव दिलबाग सिंह दिराजके ने कहा कि प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के साथ मीटिंग हुई। इसमें दो मांगों पर सहमति बन गई। इसलिए धरना स्थगित कर दिया है। किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि कृषि मंत्री राणा की तरफ से कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए किसान नेताओं को जल्द ही रिहा कर दिया जाएगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान से अगले 8-10 दिन में किसानों बातचीत की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी। इस दौरान अमेरिका भारत ट्रेड डील पर भी वार्ता होगी।


अंबाला। शंभू बॉर्डर पर डटे किसान। फोटो : हरिभूमि

#### भारी संख्या में पहुंचे किसान

मंगलवार सुबह किसान दिल्ली कूच के लिए शंभू और खनौरी बॉर्डर पर पहुंच गए। पुलिस ने शंभू बॉर्डर पर बैरिकेडिंग कर उसे सील कर दिया और भारी पुलिस बल व जेसीबी तैनात कर दी। इसके बाद किसान पंजाब की ओर सड़क पर बैठ गए। सुरक्षा के मद्देनजर शंभू बॉर्डर पर 27 जुलाई तक धारा-163 लागू कर पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

#### यातायात किया डायवर्ट

शंभू बॉर्डर बंद होने से जालंधर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर यातायात प्रभावित हुआ, जिसके बाद पुलिस ने रूट डायवर्ट कर दिया। पुलिस ने लोगों से आपात स्थिति में 112 पर संपर्क करने की अपील की। किसान आंदोलन के चलते पहले भी शंभू बॉर्डर 13 महीने बंद रहा था।

#### रिहा किसानों से होगी बातचीत

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से बैठक के बाद किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि रिहा किए गए किसान नेताओं से बातचीत की जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान से वार्ता के लिए पत्र लिखा गया है। सरकार के आग्रह पर किसानों ने शंभू बॉर्डर पर स्थायी मोर्चा नहीं लगाने का फैसला किया है।

## बसताड़ा टोल पर किसानों को रोका, आधे घंटे तक हाइवे जाम



- भारत-अमेरिका ट्रेड डील को बताया कृषि और किसानों के लिए नुकसानदायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत-अमेरिका प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में सोमवार को किसान संगठनों के आह्वान पर बड़ी संख्या में किसान बसताड़ा टोल प्लाजा पर पहुंचे। किसान दिल्ली के किसान घाट जाने के लिए निकले थे, लेकिन पुलिस और सीआरपीएफ जवानों ने उन्हें टोल पर रोक दिया। इस दौरान किसानों और पुलिस के बीच काफी देर तक बातचीत हुई। विरोध में किसानों ने नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया, जिससे करीब 30 मिनट तक यातायात प्रभावित रहा। बाद में किसानों ने वाहन वहीं खड़े कर पैदल दिल्ली कूच करने का फैसला लिया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो गया। किसान नेताओं ने कहा कि ट्रेड डील लागू होने से भारतीय कृषि और किसानों को नुकसान होगा।

उन्होंने कहा कि किसान शांतिपूर्ण तरीके से दिल्ली पहुंचकर अपनी मांगों को सरकार के सामने रखेंगे। प्रदर्शन में किसान नेता मनजीत, कर्म सिंह और महिला किसान रीटा चहल मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, केस दर्ज

- थाना छप्पर के पास हादसा

**यमुनानगर।** थाना छप्पर के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से बाइक चालक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव जलालपुर निवासी धीरज कुमार ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 28 वर्षीय दीपक कुमार 19 जुलाई को किसी काम से थाना छप्पर क्षेत्र में आया था। जब वह शाम को छह बजे वापस घर लौट रहा था तो थाना छप्पर के पास तेज रफ्तार आ रही कार ने उसके भाई की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका भाई दीपक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने उसके भाई को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसके भाई दीपक कुमार की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

## पूर्व विधायक भूखड़ी के निधन पर सीएम नायब सैनी शोक संतप्त परिवारों को दी सांत्वना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मिर्जापुर माजरा एवं गांव भूखड़ी पहुंचकर शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की। दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री सबसे पहले गांव मिर्जापुर माजरा पहुंचे। यहां उन्होंने स्वर्गीय जय सिंह के निवास पर जाकर शोक व्यक्त किया। स्वर्गीय जय सिंह (68 वर्ष) का 15 जुलाई को बीमारी के कारण निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके उपरांत सीएम गांव भूखड़ी पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक स्वर्गीय भूखड़ी के निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।


अंबाला। पूर्व विधायक के आवास पर शोक जताते मुख्यमंत्री नायब सैनी। फोटो : हरिभूमि

स्वर्गीय राजपाल भूखड़ी का 20 जुलाई 2026 को हृदयगति रुकने से निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। चंदन सैनी, नंबरदार सुरेश पाल, एसडीएम शिवजीत भारती, डीएसपी सूरज चावला, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा, संदीप सैनी, नायब तहसीलदार सुनील कुमार, बीडीपीओ जोगेश कुमार, हनीश सैनी, विकास सैनी आदि मौजूद रहे।

सुरक्षा व्यवस्था का बनाया प्लान

## कांवड़ यात्रा को लेकर यूपी और हरियाणा प्रशासन अलर्ट

- पानीपत-शामली प्रशासन की बैठक में कानून व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर मंथन
- संवेदनशील स्थानों पर तैनात होगा अतिरिक्त पुलिस बल असामाजिक तत्वों पर नजर
- डीजे की तेज आवाज और हथियारनुमा सामान के इस्तेमाल पर रहेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्रावण कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए पानीपत और उत्तर प्रदेश के शामली प्रशासन ने संयुक्त रणनीति तैयार की है। इस संबंध में दोनों जिलों के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने की। इसमें शामली के जिलाधिकारी आलोक कुमार, पानीपत के पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह और शामली के पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, यातायात संचालन, कांवड़ शिविरों की व्यवस्था और दोनों राज्यों के बीच बेहतर तालमेल को लेकर चर्चा की गई। प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक कांवड़िये को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा मार्गों पर सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था बेहतर रखी जाए। प्रत्येक व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाएगी और जरूरत पड़ने पर तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अधिक ध्वनि वाले डीजे के संचालन और कांवड़ यात्रियों द्वारा हथियारनुमा सामान के प्रयोग पर रोक लगाने को लेकर भी चर्चा हुई।

## पानीपत के गांव नांगल खेडी में घर से 107 किलो गांजा बरामद



**पानीपत।** सीआईए टू टीम ने गांव नांगल खेड़ी में विकास पुत्र राजेंद्र के घर से 107 किलो 4 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी हैड क्वार्टर विकास कुमार की अगुवाई में दबिश दी गई। पुलिस टीम ने गांव के नंबरदार विजेंद्र द्वारा अवाज लगाने पर विकास ने अपने घर के दरबाजे खोले। वहीं, पुलिस ने विकास के घर की तलाशी ली। घर के एक कमरे में प्लास्टि के चार कट्टे मिले। कट्टों को खोलकर जांच करने पर उनमें गांजा भरा हुआ मिला। बरामद गांजे का वजन करने पर 107 किलो 4 ग्राम पाया गया। पुलिस की जांच में पता चला कि विकास बरामद हुआ गांजा आंध्रप्रदेश से खरीद कर लाया था। वहीं, विकास पर थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया। दूसरी ओर, आरोपी विकास को कोर्ट से दस दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस विकास से उसके साथियों की जानकारी लेकर उन्हें पकडने का प्रयास करेगी।

## चोरी की दो बाइक सहित युवक गिरफ्तार, पहले भी दर्ज हैं 10 मामले

**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने करेड़ा चौक के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की बाइक लेकर उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर जांच शुरू की। इस दौरान संदिग्ध बाइक सवार को रोककर पूछताछ की गई तो बाइक चोरी की निकली।आरोपी की पहचान गांव बिचपड़ी निवासी गुलशन उर्फ छोटा के रूप में हुई। पूछताछ में उसने एक अन्य चोरी की बाइक की जानकारी दी, जिसे भी पुलिस ने बरामद कर लिया। आरोपी ने पहली बाइक रादौर क्षेत्र से और दूसरी बाइक छछरौली के गनोली गेट से चोरी करना कबूल किया। पुलिस के अनुसार आरोपी पर पहले से चोरी के 10 मामले दर्ज हैं।



## कुवि की नई सुविधा, दस्तावेज भेजते ही मिलेगा एसएमएस अलर्ट

- डीएमसी डिग्री की ट्रैकिंग अब आसान

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को बेहतर एवं पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नई एसएमएस सूचना सुविधा का शुभारंभ किया है। इस सुविधा का शुभारंभ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने किया। इस नई व्यवस्था के तहत विश्वविद्यालय से विद्यार्थियों की डीएमसी, डिग्री तथा अन्य प्रमाण-पत्रों के डिस्पैच होते ही संबंधित विद्यार्थियों के मोबाइल नंबर पर एसएमएस भेजा जाएगा। एसएमएस में स्पीड पोस्ट का ट्रैकिंग नंबर तथा डिस्पैच की तिथि उपलब्ध होगी, जिससे विद्यार्थी घर बैठे अपने दस्तावेजों की स्थिति को आसानी से ट्रैक कर सकेंगे।

इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को तकनीक आधारित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह सुविधा विद्यार्थियों के समय और संसाधनों की बचत करेगी तथा दस्तावेजों की डिलीवरी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बनाएगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल सेवाओं के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन और विद्यार्थियों के बीच बेहतर संवाद स्थापित होगा। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, डॉ. जीत सिंह शेर, तकनीकी सहायक राजेश कुमार मौजूद रहे।

### 573 विद्यार्थियों व 40 शिक्षकों ने ली नशामुक्त भारत निर्माण की शपथ

# नशा व्यक्ति नहीं, पूरे समाज को करता है बर्बाद

- प्रभारी उपनिरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कौलां में नशे के विरुद्ध व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के अजय कुमार लिमल ने की। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उपनिरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और पूरे राष्ट्र को कमजोर करता है। यदि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहेगी तो देश का भविष्य सुरक्षित और समृद्ध होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने मित्रों, परिवार तथा आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने काव्य और गायन के माध्यम से भी विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि यदि नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा। यदि नशा होता अच्छा तो पिता कहता ले थोड़ी ली पी क्यों करता है चिंता अपनी जिंदगी जी। नशे के चक्रव्यूह पर चर्चा करते हुए उन्होंने विस्तार से कहा नशा शौक से आरम्भ होता है और इसका अंत भी शोक पर होता है। शौक और शोक में केवल एक मात्रा का अंतर है। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए भारतीय बल पर्याप्त हैं लेकिन जागरूकता के आभाव में नशा कारोबारी अपने स्वार्थ के लिए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करते हैं जो कतई स्वीकार्य नहीं है।


अंबाला। नशे के खिलाफ शपथ लेते शिक्ष व छात्र। फोटो : हरिभूमि

#### नशे की सूचना 1933 और 9050891508 नंबर पर संपर्क की अपील

विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रमेश बाबू ने राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा चलाए जा रहे जनहितकारी अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुशासन, नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया तथा अपने-अपने क्षेत्रों में नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने का संदेश देने का वचन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के 573 छात्र-छात्राओं तथा 40 शिक्षकों आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ब्यूरो ने आमजन से अपील की कि नशे की बिक्री, तस्करी अथवा सेवन से संबंधित किसी भी सूचना के लिए राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 1933 अथवा 9050891508 पर सूचना दें। कार्यक्रम में जीआरपी रेल वार्डन चेत राम बेनीवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## टैंकर का टायर निकला हवा में लटका ट्रैक्टर



- व्यस्त एसके रोड पर हादसे के समय आस-पास वाहन न होने से टली जनहानि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सांगीपुर नाके के पास मंगलवार की सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। बड़शामी की ओर से पानी का टैंकर लेकर जा रहा एक ट्रैक्टर अचानक टैंकर का टायर निकल जाने से अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय आसपास कोई अन्य वाहन नहीं था, जिससे जनहानि टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टैंकर का टायर अचानक निकलने के बाद ट्रैक्टर काफी दूर तक घिसटता चला गया। टैंकर से जुड़ा होने के कारण ट्रैक्टर का पिछला हिस्सा हवा में उठ गया और सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक को मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत चालक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। गौरतलब है कि एसके रोड रादौर का अत्यंत व्यस्त मार्ग है।

## खबर संक्षेप

### शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज की निंदा

**करनाल।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) की करनाल जिला कमेटी ने दिल्ली में छात्रों और युवाओं के प्रदर्शन पर पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। जिला सचिव जगपाल राणा ने कहा कि जंतर-मंतर पर हजारों छात्र और युवा शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन उन पर लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया, जिसमें कई लोग घायल हुए।

### मुख्यमंत्री आवास पर 4 को महापड़ाव का ऐलान



**करनाल।** मिड डे मील वर्कर यूनियन ब्लॉक करनाल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के गृह जिले में चार अगस्त को प्रस्तावित राज्य स्तरीय रैली और महापड़ाव का नोटिस खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा। शिष्टमंडल में ब्लॉक प्रधान कविता, नीलम, उषा और ओपी माटा शामिल रहे। यूनियन नेताओं ने कहा कि सरकार ने मिड डे मील वर्करों की लंबित मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। कई महीनों से मानदेय नहीं मिला है तथा वर्दी की राशि भी लंबित है।

### रावर में हवन से मांगी सुख-समृद्धि की कामना



**करनाल।** रावर गांव के दादा खेड़ा में मंगलवार को गांव की खुशहाली, सुख-शांति और समृद्धि के लिए हवन-यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने विधि-विधान से हवन में आहुति देकर गांव में भाईचारा, अच्छी फसल और पशुधन की उन्नति की कामना की। समाजसेवी रिंका चीमा और हरियाणा विधानसभा स्पीकर के निजी सहायक संजय खेंची ने कहा कि दादा खेड़ा गांव के रक्षक देवता माने जाते हैं। गांव की सुख-शांति और आपदाओं से रक्षा की कामना के साथ यह आयोजन किया गया।

### पुलिस अकादमी में 250 पौधों का रोपण



**मधुबन।** हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में पुलिस महानिदेशक एवं निदेशक हरियाणा पुलिस अकादमी श्रीमती कला रामचंद्रन की प्रेरणा तथा पुलिस अधीक्षक बलजिन्दर सिंह के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण अभियान के तहत मंगलवार को 250 पौधे लगाए गए। अभियान के दौरान नीम, जामुन, अमरूद, सहजन और आम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक बलजिन्दर सिंह ने बताया कि शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस तक अकादमी परिसर में कुल एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वृक्ष मानव जीवन, पर्यावरण संतुलन और स्वस्थ भविष्य की आधारशिला हैं।

# आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य 15 तक हर हाल में पूरा करें : डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

- गांवों में शिविर लगाएं या घर-घर जाएं, लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी : डीसी

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग, तहसीलदारों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने का लंबित कार्य हर हाल में 15 अगस्त तक पूरा किया जाए। इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर गांवों में विशेष शिविर लगाए जाएं अथवा घर-घर जाकर पात्र लोगों की औपचारिकताएं पूरी की जाएं। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

उपायुक्त जिला सचिवालय सभागार में आयुष्मान कार्ड एवं आभा (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। जिले में लगभग 2 लाख 78 हजार आयुष्मान कार्ड बनना शेष हैं। इनमें करीब 1 लाख 80 हजार कार्ड ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों से संबंधित हैं, जबकि शेष शहरी क्षेत्रों के हैं। सभी अधिकारी और कर्मचारी इस कार्य को प्राथमिकता दें तथा समय सीमा के भीतर पूरा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि इस कार्य में पटवारी, ग्राम सचिव, कानूनगो, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित सभी संबंधित कर्मचारियों का सहयोग लिया जाए। सभी एसएमओ बीडीपीओ एवं तहसीलदारों के साथ बैठक कर कार्ययोजना तैयार करें और उस पर अमल सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वे स्वयं प्रत्येक सप्ताह प्रगति की समीक्षा करेंगे। उपायुक्त ने आयुष्मान कार्ड के साथ-साथ आभा (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) बनाने के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ डॉ. पूनम चौधरी, उप सिविल सर्जन डॉ. नरेश करड़वाल, डॉ. आर. संधू, डॉ. नीरू, डीडीपीओ कंचनलता, बीडीपीओ मोनिका, उमेदा सिंह, गुरमालक, शिखा, मोनिका, तहसीलदार कृष्ण, विनोद, नायब तहसीलदार गौरव, साहिल आदि अधिकारी उपस्थित रहे।




**करनाल।** जिला सचिवालय में आयुष्मान कार्ड एवं आभा अभियान की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

### स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की समीक्षा की

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने करनाल स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसियों और अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिला सचिवालय सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा नहीं करने वाली एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। बैठक में 106.97 करोड़ रुपये की शक्ति कॉलोनी मिक्स्ड यूज डेवलपमेंट परियोजना (नारी निकेतन, महिला आश्रम, वाणिज्य भवन, वर्किंग वूमेन हॉस्टल, ऑब्जर्वेशन होम एवं एक्सटर्नल डेवलपमेंट) का कार्य 31 अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया। कर्ण स्टेडियम के पुनर्विकास का कार्य दिसंबर, कैलाश हॉकी स्टेडियम हॉस्टल ब्लॉक का निर्माण 30 सितंबर पूरा करने का आश्वासन एजेंसियों ने दिया।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में स्वयं सहायता समूह सहायक

- हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में छह दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| नीलोखेड़ी

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान एवं हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में छह दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। संसद और विधानसभा में उनकी भागीदारी लगातार बढ़ रही है तथा सरकार महिलाओं और बेटियों के सशक्तिकरण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। स्वयं सहायता समूह केवल बचत और ऋण तक सीमित संगठन नहीं हैं, बल्कि आत्मविकास, आत्मनिर्भरता और ग्राम विकास की मजबूत आधारशिला हैं। समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनने के साथ-साथ गांव और समाज के समग्र विकास में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में स्वयं सहायता समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश में लगभग 10.5 करोड़ परिवार स्वयं सहायता समूहों से जुड़े हुए हैं। वर्तमान में 90.91 लाख स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं तथा इन्हें 12.18 लाख करोड़ रुपये का संस्थागत ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है।



**करनाल।** प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान।

# कार्यकर्ताओं का शक्ति केंद्र कालरों पर टिफिन सहभोज



**घरौंडा।** घरौंडा विधानसभा के भाजपा मधुबन मण्डल के कालरों शक्ति केंद्र पर मंगलवार दोपहर को कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे शक्ति केंद्र प्रमुख सन्दीप लोहट व कार्यकर्ताओं ने मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा,मण्डल प्रभारी उषा पांचाल, मण्डल महामंत्री सतबीर गोस्वामी को पटका पहनाकर स्वागत किया। मण्डल प्रभारी उषा पांचाल ने बैठक में पहुँचे कार्यकर्ताओं का वृत लिया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए कहा कि शक्ति केंद्रों का और अधिक मजबूत होना समय की मांग है, इसलिए सभी कार्यकर्ता शक्ति केंद्रों को और अधिक मजबूत करने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि सशक्त शक्ति केंद्र से संगठन और अधिक मजबूत होगा। कार्यकर्ताओं में आत्मीयता बढ़ाने के लिए बैठक में आने वाला हर कार्यकर्ता और वक्ता अपने घर से भोजन का टिफिन लेकर बैठक में शामिल हुए और सभी ने मिलकर सहभोज किया। कार्यकर्ताओं में आपसी तालमेल ही भाजपा की शक्ति है। इस तरह की बैठकों से कार्यकर्ताओं के बीच आपसी मेलजोल, संवाद और समन्वय बढ़ेगा तो पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण भाव भी कार्यकर्ताओं में प्रबल होगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर केंद्र की मोदी सरकार और हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार की

# पर्यटन कर्मचारियों का मांगों को लेकर प्रदर्शन



**करनाल।** हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ के बैनर तले मंगलवार को कर्ण लेक पर्यटन केंद्र पर तीसरा जोनल धरना दिया गया। धरने की अध्यक्षता यूनिट प्रधान अशोक कुमार और बलवान शर्मा ने की, जबकि संचालन राज्य कमेटी के नेता सतपाल ने किया। धरने में ओएसिस, कर्णझील, ब्लूजे समालखा, स्काईलार्क पानीपत, एथनिक इंडिया राई तथा यमुनानगर सहित विभिन्न पर्यटन केंद्रों के कर्मचारियों ने भाग लिया। कर्मचारियों ने उच्च न्यायालय के आदेशानुसार कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, पर्यटन निगम की संपत्तियों का निजीकरण रोकने, पदोन्नति, सेवा नियम बनाने, पुनर्नियुक्ति नीति स्पष्ट करने, एचकेआरएनएल कर्मियों को जॉब सुरक्षा देने तथा भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई की मांग उठाई। नेताओं ने कहा कि निगम प्रशासन कर्मचारियों की समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रहा है, जिसके चलते आंदोलन शुरू किया गया है।

# समझौता लागू नहीं हुआ तो छह से आठ अगस्त तक हड़ताल

- नगरपालिका कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय रैली में सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर मंगलवार को करनाल में जिला स्तरीय रैली आयोजित की गई। रैली की अध्यक्षता राज्य प्रधान सुभाष प्रोच ने की तथा संचालन विनोद प्रोचा और रवि प्रोचा ने किया। रैली में राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, महासचिव मांगेराम तिगरा, वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तुषामड, अग्निशमन कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान राजेंद्र सिन्द सहित अनेक नेताओं ने कर्मचारियों को संबोधित किया। नेताओं ने कहा कि 13 मई को सरकार और कर्मचारी संगठनों के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में 17 प्रमुख मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन अब तक आदेश जारी नहीं किए गए। यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो छह, सात और आठ अगस्त को प्रदेशभर के पालिका परिषद, नगर निगम और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी तीन दिवसीय हड़ताल करेंगे।




**करनाल।** रैली में भाग लेते नगरपालिका एवं अग्निशमन विभाग के कर्मचारी।

## श्री जगन्नाथ के दर्शन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना

# धार्मिक आयोजन से सामाजिक समरसता : महापौर

- सेक्टर-13 में आयोजित धार्मिक समारोह में की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सेक्टर-13 में आयोजित धार्मिक समारोह में सहभागिता करते हुए प्रभु श्री जगन्नाथ के पावन दर्शन किए तथा पूर्ण विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने समस्त देश-प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और शांति की मंगलकामना करते हुए प्रभु श्रीचरणों में श्रद्धापूर्वक नमन किया।

समाजसेवी देशराज बंसल एवं निर्मल बंसल के आवासीय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन केवल आस्था के पर्व नहीं होते, बल्कि समाज में सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्यों और भारतीय संस्कारों को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम भी हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनी रहनी चाहिए, ताकि नई पीढ़ी अपनी समृद्ध सनातन परंपराओं, संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जुड़ी रहे।

प्रभु श्री जगन्नाथ की असीम कृपा सभी पर सदैव बनी रहे तथा प्रत्येक परिवार के जीवन में प्रेम, सद्भाव, धर्म, संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा का प्रकाश निरंतर बना रहे। उन्होंने कहा कि समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार ही राष्ट्र और समाज को मजबूत बनाने का आधार है। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी राकेश बंसल, गीता बंसल सहित बंसल परिवार के अन्य सदस्यों ने महापौर का आत्मीय स्वागत किया।



**करनाल।** सेक्टर-13 में आयोजित धार्मिक समारोह में पूजा-अर्चना करते हुए महापौर रेणु बाला गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### नागरिकों की समस्याएं सुनीं

**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता एवं एकाग्रता से सुना। जनसुनवाई में लोगों ने स्ट्रीट लाइट, पार्कों के रखरखाव, सीवरेज व्यवस्था, सफाई तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए। महापौर ने कई मामलों में तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए तथा शेष समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### नीलोखेड़ी क्षेत्र में महिला से दुष्कर्म का आरोप

**करनाल।** नीलोखेड़ी क्षेत्र के एक गांव में महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर बुटाना थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शिकायत में पीड़िता ने बताया कि 20 जुलाई को दोपहर करीब दो बजे वह घर में अकेली थी। इसी दौरान गांव का एक व्यक्ति उसके घर में घुस आया। आरोप है कि पहले उसने महिला के साथ छेड़छाड़ की और बाद में जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने किसी को भी घटना की जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी।घटना के बाद घबराई पीड़िता ने अपने परिजनों को पूरी जानकारी दी। इसके बाद परिजन बुटाना थाना पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दी।

## न्यूज डायरी

### तीन बूथ सील करने का आदेश जारी



**नीलोखेड़ी।** नगरपालिक सचिव डाक्टर राहुल सैनी ने बताया कि पोल्ट्री एरिया वार्ड नंबर 4 पालिका आधीन 3 बूथों जिनके नंबर 6, 7, और 9 हैं इनको सील कर दिया गया है।सचिव ने बताया कि इन बूथों की दोबारा बोली की जाएगी।इस बारे सचिव ने बताया कि इन बूथों पर पालिका प्रशासन कि ओर से नोटिस चस्पा कर दिए गए हैं कि यह दुकान पालिका की सम्पत्ति है इसपर पूर्णतया नगरपालिक का अधिकार है इन आदेशों की अव्हेलना करने पर जिम्मेदार पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। सचिव ने नगरपालिक के सभी दुकानदारों से अपील की नियमानुसार दुकानों का किराया नगरपालिक में जमा कराते रहे ताकि व्यवस्था कायम रहे।मोके पर पालिका आधीन लिपिक अमनदीप तथा प्रेरक नरेश कुमार मौजूद रहे।

### राजयोग से समाहित होते हैं परमात्मा के गुण



**करनाल।** सेक्टर-7 स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र में मंगलवार को /"मौखिक पावर ऑफ मेडिटेशन/" विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता ओंकार चंद शर्मा ने कहा कि आत्मा और परमात्मा का मिलन ही राजयोग है। जब आत्मा अपने वास्तविक बिंदु स्वरूप को पहचानकर परमात्मा का स्मरण करती है तो उसके भीतर परमात्मा के दिव्य गुण स्वतः समाहित होने लगते हैं। उन्होंने कहा कि योग में परमात्मा से कुछ मांगने की नहीं, बल्कि स्वयं परमात्मा को अपना बनाने की आवश्यकता है। परमात्मा अपने बच्चों को बिना मांगे भी सब कुछ देते हैं और उनकी श्रीमत पर चलने वालों की हर परिस्थिति में सहायता करते हैं। मुख्य अतिथि एवं स्टेट इन्फारमेशन कमिश्नर संजय मदान ने कहा कि इस कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम में कर्म सिंह कल्याण, कृष्ण गंभीर, ओमनाथ मलिक, ललित सरदाना, परमिंदर कुमार, वीपी सिंह, रितेश विज, राजिंद्र हांडा, रामनिवास गर्ग, हरिकृष्ण नारंग, सुरेश मैहता, राकेश कुमार, रमेश कुमार, अजय, आरके राणा, महिंद्र संधु, बीके शिविका, आरती, ज्योति, चक्षु, सुनीता मदान, हर्ष सेठी, वंदना चावला, भारत भूषण चावला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### इंद्री की दो अवैध कॉलोनियों में चला पीला पंजा



**इंद्री।** जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने मंगलवार को इंद्री के पास अवैध रूप से पनप रही दो अवैध कॉलोनियों में कार्रवाई करते हुए पीला पंजा चलाकर तोडफोड की । डीटीपी विभाग की इस कार्यवाही से कॉलोनाइजरों में हडक्रंप मच गया। एटीपी मोहित कुमार अपनी टीम के साथ खेड़ा रोड पर करीब 3 एकड़ में काटी गई अवैध कॉलोनी में पहुंचे। जहां उन्होंने जेसीबी की सहायता से कॉलोनी में बनाई गई इंटरलॉकिंग सडक्रों के साथ साथ डीपीसी को उखाड़ा। एटीपी ने इंद्री-करनाल रोड पर पनप रही एक अवैध कॉलोनी में भी कार्रवाई की। इस मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट धर्मबीर सिंह व पुलिस बल मौजूद रहा । इस मौके पर एटीपी मोहित कुमार ने कहा कि अवैध कॉलोनियों में लगातार कार्रवाई की जारी रहेगी। अवैध कॉलोनियों को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनी काटने वालों के झांसे में आकर प्लॉट ना खरीदें। प्लॉट खरीदने से पूर्व डीटीपी विभाग से जानकारी लें कि प्लॉट अवैध कॉलोनी में तो नहीं है। केवल वैध कॉलोनियों में ही प्लॉट खरीदे।

### टिफिन बैठक में संगठन की मजबूती पर मंथन

**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने मंगलवार को कर्ण मंडल उपाध्यक्ष नीना अग्रवाल के निवास पर आयोजित भारतीय जनता पार्टी की टिफिन बैठक में सक्रिय सहभागिता की। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनसेवा के संकल्प को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की गई।

आत्मीय एवं पारिवारिक माहौल में आयोजित बैठक में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक साथ भोजन ग्रहण किया तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया। महापौर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित, अनुशासित और कर्मठ कार्यकर्ता हैं। कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, संगठन के प्रति समर्पण और सेवा भाव के कारण ही भाजपा निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती नियमित संवाद, आपसी समन्वय और बूथ स्तर तक सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। टिफिन बैठकें केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के बीच आत्मीय संवाद, विचारों के आदान-प्रदान और संगठनात्मक ऊर्जा को नई दिशा देने का प्रभावी माध्यम हैं। बैठक में मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, शक्ति केंद्र प्रमुख चंद्रकांत जुनेजा, सोनिया धींगड़ा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### निगमायुक्त ने किया परियोजनाओं का निरीक्षण



**करनाल।** अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) के तहत करनाल शहर में प्रस्तावित महत्वाकांक्षी विकास परियोजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने की दिशा में नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने मंगलवार को निगम के अभियंताओं एवं भूमि शाखा के अधिकारियों के साथ विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गांव सैदपुरा, महर्षि वाल्मीकि चौक स्थित पुराने नगर निगम कार्यालय परिसर, पुरानी सब्जी मंडी, गांव बुढ़ाखेड़ा स्थित इन्द्री एस्केप ड्रेन तथा अन्य प्रस्तावित स्थलों का जायजा लेकर परियोजनाओं की व्यवहारिकता, भूमि की उपलब्धता और विकास की संभावनाओं का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता पुनीत कुमार, सलाहकार महीपाल सिंह तथा भूमि शाखा के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### शहर से हटेंगे 500 बेसहारा पशु

**करनाल।** शहर में बढ़ती बेसहारा पशुओं की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम ने चरणबद्ध अभियान शुरू करने की तैयारी कर ली है। नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने पशुपालन विभाग के उप निदेशक ओ.पी. कुकरेजा के साथ बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि शहर में करीब 800 बेसहारा पशु हैं, जबकि नगर निगम की गौशाला और नंदीशाला पहले से ही अपनी क्षमता से अधिक भरी हुई हैं। ऐसे में जिले की विभिन्न पंजीकृत गौशालाओं में करीब 500 पशुओं को स्थानांतरित किया जाएगा।

### महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन



**तरावड़ी।** ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें रोजगार से जोड़ने की दिशा में गांव सौंकड़ा में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिलाई-कढ़ाई एवं ब्यूटीशियन का निशुल्क प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य प्रतिनिधि एवं सरपंच एसोसिएशन के प्रधान भूपेंद्र सिंह लाडी ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं के सशक्त और आत्मनिर्भर होने से ही संभव है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सदस्य जोनी, रवि विर्क, अमरजीत, कंवल खुल्लर, रेशम तोथड़, गुलाब सिंह, नच्छतर सिंह आदि मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायतों में चलाया सफाई अभियान



**इंद्री।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के दिशा-निर्देश व खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी खण्ड के मार्गदर्शन में खण्ड इंद्री की सभी ग्राम पंचायतों में हरियाणा स्वच्छता सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें ग्राम पंचायतों में सभी सार्वजनिक स्थानों की सफाई की गई तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। ग्रामीणों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग ना करने बारे बताया गया। इस कड़ी में ग्राम पंचायत जनेसरो के राजकीय स्कूल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

**खबर संक्षेप**

### पुलिस से मारपीट करने वाले सगे भाई पकड़े

**पानीपत।** थाना बापौली पुलिस ने गांव भलौर में डायल 112 टीम पर हमला करने वाले दो सगे भाइयों गोविंद उर्फ मोनी व आनंद उर्फ नंदा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 19 जुलाई की रात गांव भलौर में दुकान का ताला तोड़कर चोरी होने बारे सूचना पर पहुंची डायल 112 टीम पर कस्सी से हमला किया था और सरकारी वाहन को नुकसान पहुंचाया था।

### छात्रों पर लाठीचार्ज की निंदा की

**पानीपत।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला केंद्र की ओर से पार्टी राज्य कमेटी सदस्य का.सुनील दत्त, जिला सचिव डॉ.सुरेंद्र मलिक और राजपाल गाहल्याण ने छात्रों के शांतिपूर्ण संसद मार्च के दौरान पुलिस लाठीचार्ज और हिंसा की कड़ी निंदा की। माकपा नेताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल बर्खास्त करने, छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की उच्चस्तरीय जांच कराने, गिरफ्तार छात्रों व उनके समर्थकों को तुरंत रिहा करने तथा परीक्षा लेने वाली निजी एजेंसी एनटीए को भंग करने की मांग की।

### श्री गुरु दक्ष प्रजापति जयंती 26 को

**पानीपत।** श्री गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह का आयोजन 26 जुलाई को गांव सिवाह में होगा। वहीं, राष्ट्रीय कुम्हार महासभा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सतबीर प्रजापति ने कार्यक्रम की सफलता के लिए गांव सौदापुर, ओसर, ऊंटला, भालसी, नारा, कालखा, लुहारी, नारा, जोशी, कवि, मडलौडा आदि में ग्रामीणों कार्यक्रम में आने का न्यौता दिया। वहीं, समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष भाजपा हरियाणा डॉ अर्चना गुप्ता तथा शिक्षा मंत्री हरियाणा महिपाल ढांडा उपस्थित रहेंगे।

### गांव नौल्था में हुई मारपीट में दो घायल

**इसराना।** लिव इन रिलेशनशिप के मामले में गांव नौल्था में हुई मारपीट में अमित व अशोक गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया। इधर, थाना इसराना पुलिस ने घायल अमित की शिकायत नरेश, अजय, गगनदीप, अभिषेक निवासी गांव ड़ोहला जींद, संजय व सावन निवासी गांव नौल्था पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## यमुना में जहरीला पानी छोड़ने वालों पर कसेगा शिकंजा

# प्रदूषण फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : डॉ. वशिष्ठ

पर्यावरण संरक्षण के लिए बना एक्शन प्लान पर्यावरण संरक्षण पर जिला प्रशासन

*औद्योगिक प्रदूषण और डंपिंग यार्ड की होगी गहन निगरानी, हर विभाग तय करे जिम्मेदारी, स्वच्छ हवा और स्वच्छ पर्यावरण के लक्ष्य पर तेजी से होगा काम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण विषयक समिति के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला सचिवालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में पर्यावरण संरक्षण, औद्योगिक प्रदूषण की रोकथाम, डंपिंग यार्ड, एसटीपी-सीईटीपी की स्थिति, पौधारोपण तथा यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि पानीपत की हवा को पूरी तरह स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। संबंधित विभाग अपने स्तर पर विस्तृत कार्य योजना तैयार कर यह बताए कि अब तक पर्यावरण संरक्षण के लिए कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं तथा भविष्य में कौन-सी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त डॉ. हरीश ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज और उद्योगों की भी सांझा जिम्मेदारी है। हमारा लक्ष्य पानीपत को स्वच्छ हवा, स्वच्छ जल और हरित वातावरण वाला जिला बनाना है। प्रदूषण फैलाने वालों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित विभाग तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार कर ठोस कार्ययोजना प्रस्तुत करें और प्रदूषण नियंत्रण के प्रत्येक बिंदु पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ हरीश, प्रदूषण विषय पर संबंधी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

### स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्रभावी कार्रवाई पर जोर

उपायुक्त ने कहा कि जिन औद्योगिक इकाइयों से प्रदूषण फैलने की शिकायतें मिल रही हैं, उनकी नियमित निगरानी की जाए। विशेष रूप से रात्रि के समय यमुना नदी में जहरीला एवं दूषित पानी छोडने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि नदी के प्राकृतिक स्वरूप और पर्यावरण की रक्षा की जा सके। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में संचालित एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) और सीईटीपी (कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। साथ ही डंपिंग यार्डों का निरीक्षण कर उनकी वर्तमान स्थिति का आकलन किया जाए तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके परिणाम भी धरातल पर दिखाई देने चाहिए। सभी विभाग समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें ताकि आमजन को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा विभागवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना नवदीप नैन, सीईओ प्रतीक हुड्डा, डीटीपी सुमित मलिक, क्षेत्रीय अधिकारी (आरओ) भूपेंद्र चहल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए जिले में प्रभावी कार्रवाई करने पर भी जोर दिया गया।


**पानीपत।** डिस्ट्रिक्ट कल्चरल कोऑर्डिनेटर संदीप रत्तेवाल एनएफएल कर्मियों को फर्स्ट एड की ट्रेनिंग देते हुए।

## सही समय पर दी सहायता बचा सकती है जीवनः संदीप

- एनएफएल कर्मियों ने सीखे जीवन रक्षक कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला रेड क्रॉस सोसायटी, पानीपत द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी एवं जीवन रक्षक सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) मंगलवार से शुरू हुए तीन दिवसीय मौलिक प्राथमिक सहायता (फर्स्ट एड) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। वहीं, डिस्ट्रिक्ट कल्चरल कोऑर्डिनेटर एवं फर्स्ट एड लेक्चरर संदीप रत्तेवाल, कर्मचारियों को ट्रेनिंग दे रहे है। इधर, प्रशिक्षण के प्रथम दिन संदीप ने प्रतिभागियों को प्राथमिक सहायता के महत्व, उसके उद्देश्यों तथा दुर्घटना या आकस्मिक बीमारी की स्थिति में अपनाए जाने वाले जीवन रक्षक उपायों की विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी दुर्घटना या गंभीर चिकित्सकीय स्थिति में अस्पताल पहुंचने से पहले दिया गया सही प्राथमिक उपचार जीवन और मृत्यु के बीच का सबसे महत्वपूर्ण अंतर साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि एक प्रशिक्षित फर्स्ट एडर घायल अथवा बीमार व्यक्ति की तत्काल सहायता करने के साथ-साथ उसकी स्थिति को और अधिक गंभीर होने से भी रोक सकता है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक सहायता का मूल उद्देश्य घायल व्यक्ति के प्राणों की रक्षा करना, उसकी स्थिति को बिगड़ने से रोकना तथा उसे शीघ्र उपचार मिलने तक सुरक्षित बनाए रखना है। साथ ही उन्होंने रेड क्रॉस के मानवीय कार्यों, आपदा राहत, रक्तदान, स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण जैसी सेवाओं पर भी विस्तार से प्रकाश डालते हुए प्रत्येक नागरिक से प्राथमिक सहायता का ज्ञान प्राप्त करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रिकवरी पोजीशन का लाइव प्रदर्शन कराया गया। संदीप रत्तेवाल ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति बेहोश है लेकिन उसकी सांसें सामान्य रूप से चल रही हैं, तो उसे सही रिकवरी पोजीशन में लिटाना अत्यंत आवश्यक होता है।

## सर छोटू राम स्कूल के छात्रों का नीट में शानदार प्रदर्शन

आर्यन राज ने 586 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 15,000 और कैटेगरी रैंक 7,000 हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सर छोटू राम हेरिटेज स्कूल, विकास नगर के विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय में तीनों विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र आर्यन राज ने 586 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 15,000 एवं 'कैटेगरी रैंक 7,000 हासिल की। प्रिंस ने 502 अंक प्राप्त कर 87,000 तथा कैटेगरी रैंक 3,000 प्राप्त की। वहीं विशाल ने 494 अंक अर्जित करते हुए 98,000 एवं कैटेगरी रैंक 48,871 प्राप्त की। प्रधानाचार्या सुनीता मान ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके अथक परिश्रम, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है।



**पानीपत।** सर छोटू राम हेरिटेज स्कूल के मेधावी विद्यार्थी प्राचार्या सुनीता मान के साथ।

## जिला में पुलिस के चौतरफा नाके

आरपीएफ की दो कंपनियां भी तैनात, दिल्ली जाने वाले हर वाहन की गहन जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील के विरोध में मंगलवार को दिल्ली के किसान घाट पर आयोजित महापंचायत में पानीपत के रास्ते हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब के किसानों को नहीं जाने देने के लिए पानीपत पुलिस ने जीटी रोड के टोल प्लाजा की हर लेन पर नाका लगाया था। पुलिस के साथ रैपिड एक्शन फोर्स (आरपीएफ) की दो कंपनियां तैनात की गई थी। आरपीएफ की दो कंपनियां सोमवार की देर रात ही उत्तर प्रदेश के मेरठ से पानीपत की रोड धर्मशाला में पहुंची थी। पानीपत प्रशासन के आदेश पर आरपीएफ की दो कंपनियों को टोल पर तैनात किया गया था। वहीं, हरिद्वार हाईवे के तामशाबाद टोल व रोहतक हाईवे पर गांव डाहर टोल पर पुलिस बल सक्रिय रहा। तामशाबाद टोल पर उत्तर प्रदेश की ओर से आने वाले वाहनों की गहन जांच की गई। दूसरी ओर, पानीपत जिला में मंगलवार की सुबह से लेकर देर शाम तक आरपीएफ व पानीपत पुलिस की टीमें जीटी रोड, हरिद्वार हाईवे, रोहतक हाई, जींद हाईवे, नहर किनारे बने रिफाइनरी बाइपास पर सक्रिय रही और दिल्ली की ओर जाने वाले हर वाहन की गहन जांच का दौर देर रात तक जारी रहा।





**पानीपत।** टोल प्लाजा पर तैनात पुलिस व आरपीएफ की टीमें।

## जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डॉ. हरीश

- सीएम विंडो, जन संवाद और जीपी ग्राम पोर्टल की शिकायतें प्राथमिकता से निपटाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सीएम विंडो, जन संवाद एवं जीपी ग्राम पोर्टल पर लंबित शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सख्त निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि आम नागरिकों की शिकायतों का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभागवार शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक विभाग के अधिकारियों से लंबित मामलों का कारण पूछा तथा निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्य करते हुए प्रभावी एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) पोर्टल पर समय पर अपलोड की जाए।



**पानीपत।** जिला सचिवालय में जनशिकायतों के निवारण की समीक्षा करते हुए प्रशासनिक अधिकारी।

### सीएम विंडो शिकायतें तुरंत निपटाएं

डीसी डॉ वशिष्ठ ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं इन पोर्टलों की नियमित निगरानी कर रहे हैं। यदि शिकायतों का समय पर निस्तारण नहीं होगा तो जिले और संबंधित विभागों का प्रदर्शन प्रभावित होगा तथा स्कोर डाउन होगा। इसलिए सभी अधिकारी शिकायतों के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उपायुक्त ने दो टूक शब्दों में कहा कि जो विभाग लगातार सुस्त रवैया अपनाएंगे और बिना उचित कारण शिकायतों को लंबित रखेंगे, उनके विरुद्ध मजबूरन प्रशासनिक कार्रवाई करनी पड़ेगी। अधिकारी जवाबदेही के साथ कार्य करें और किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रहने दें। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम नागरिक की समस्या का समाधान तय समय सीमा में हो। सीएम विंडो, जन संवाद और जीपी ग्राम पोर्टल जनता और सरकार के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम हैं।

### किसानों को ड्रा से मिले कृषि यंत्र

**पानीपत।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना वर्ष 2026-27 के तहत कृषि यंत्रों रोटावेटर एवं लेजर लेवलर के लिए पात्र किसानों का ड्रा मंगलवार को जिला सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे की अध्यक्षता में पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराया गया। वहीं, उप कृषि निदेशक डॉ. बलवंत साहारण ने बताया कि समेम योजना के अंतर्गत जिले के 769 किसानों ने रोटावेटर तथा 417 किसानों ने लेजर लेवलर के लिए आवेदन किया। गौरतलब है कि जिला कार्यकारिणी समिति की अध्यक्षता में आयोजित ड्रा के दौरान 380 रोटावेटर तथा 210 लेजर लेवलर के लिए किसानों का चयन किया गया। सहायक कृषि अभियंता डॉ. सुधीर कुमार ने ड्रा में चयनित सभी किसान 27 जुलाई तक आवश्यक जमा कराने को कहा है।

## शैक्षणिक योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन होः अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अतिरिक्त उपायुक्त अंकित कुमार चौकसे ने एडीसी कार्यालय में जिला परियोजना क्रियान्वयन इकाई की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए निपुण मिशन, लाडो लक्ष्मी योजना, पाठ्य पुस्तक वितरण, विद्यालय भ्रमण सहित सभी शैक्षणिक योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं नीलम कुंडू ने योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। जिला समन्वयक अनिल मलिक ने निपुण मिशन, लक्ष्यों, कक्षा अवलोकन, गुणवत्तापूर्ण मेंटरिंग एवं आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। एडीसी ने 60 दिनों से अधिक समय से निरीक्षण से वंचित विद्यालयों का प्राथमिकता से भ्रमण करने, लाडो लक्ष्मी योजना के पात्र विद्यार्थियों का 100 प्रतिशत डेटा सत्यापन, रिकॉर्ड अपडेट तथा शत प्रतिशत पाठ्यपुस्तक वितरण के निर्देश दिए। बैठक में राजकीय प्राथमिक पाठशाला मडलौडा के अध्यापक पवन जांगड़ा को उत्कृष्ट शैक्षणिक नवाचार एवं सर्वोत्तम अकादमिक अभ्यास के लिए विशेष रूप से सराहा गया। बैठक में सभी उप जिला शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड समन्वयक, सम्पर्क कोर्डिनेटर, हुमाना कोऑर्डिनेटर तथा शिक्षा विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


**पानीपत।** एडीसी अंकित चौकसे शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

## एसआईआर अंतिम चरण में

**पानीपत।** हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी ए. श्रीनिवास ने मंगलवार को पानीपत के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान जिलों में चल रहे डिजिटाइजेशन कार्य, प्राप्त प्रपत्रों की स्थिति तथा शेष कार्यों की विस्तृत जानकारी ली गई और अभियान को निर्धारित समय सीमा में शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं, डीसी डॉ. हरीश वशिष्ठ ने बताया कि पानीपत जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत प्राप्त प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि डिजिटाइजेशन का कार्य निश्चित रूप से शत-प्रतिशत पूरा हो जाएगा।

### मानसिक रूप से मजबूत होः डॉ.ऋतु

**पानीपत।** रोजगार विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोदापुर में विद्यार्थियों के लिए मेंटल वेलनेस अमंग स्कूल स्टूडेंट्स विषय पर करियर टॉक एवं जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। पावर प्वाइंट प्रस्तुति (पीपीटी) के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन तथा सफल कैरियर निर्माण के लिए आवश्यक जीवन कौशल की जानकारी दी गई। वहीं, जिला रोजगार अधिकारी डॉ. रितु चहल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मजबूत मानसिक स्वास्थ्य ही सफलता की पहली सीढ़ी है।

## ड्रग फ्री पानीपत का संकल्प, प्रशासन व समाजिक संगठन एक मंच पर

# इंसान के जीवन को हर तरह से लील लेता है नशा : डॉ हरीश

- जागरूकता, संकल्प, प्रेरणा से जीती जाएगी नशे के खिलाफ जंग, युवाओं से चरित्र निर्माण का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा उदय पहल के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा नशा मुक्त हरियाणा-ड्रग फ्री पानीपत अभियान के तहत मंगलवार को आर्य कॉलेज ऑडिटोरियम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रीन मिशन एवं प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों, सामाजिक संस्थाओं, चिकित्सकों, शिक्षाविदों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लेकर नशामुक्त समाज बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण भी किया गया तथा उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक जागरूकता अभियान नहीं बल्कि युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाने का प्रयास है। वहीं, नशे से दूर रहकर ही युवा अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। नशे की गिरफ्त में आने वाला व्यक्ति केवल अपना स्वास्थ्य ही नहीं खोता बल्कि धीरे-धीरे चोरी, अपराध और सामाजिक बुराइयों की ओर भी बढने लगता है। उन्होंने कहा कि किसी युवा को नशे की लत में तड़पते देखना अत्यंत पीड़ादायक होता है, इसलिए समय रहते जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए एडवोकेट संदीप जिंदल और उनकी पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।


**पानीपत।** ड्रग फ्री पानीपत अभियान में भाग लेते प्रशासनिक अधिकारी व आदि।


**पानीपत।** ड्रग फ्री पानीपत अभियान के तहत पौधे रोपते हुए उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ।

### नशे से रहें दूरी

नगराधीश टीनू पोसवाल ने कहा कि युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाने की अपील की। सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र कंसल ने युवाओं से जीवनभर नशे से दूर रहने का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही सफलता की असली कुंजी है। ड्रग कंट्रोलर विजय राजे ने जिले में कानून के साथ-साथ जनजागरूकता भी इस लड़ाई का महत्वपूर्ण आधार है। नारी तू नारायणी सेवा समिति की अध्यक्ष सविता आर्य ने कहा कि पानीपत को हरा भरा जिला बनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### उपभोक्ता पानी व सीवरेज का लें कनेक्शनः अभियंता

**अंबाला।** कार्यकारी अभियंता हरभजन सिंह ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने पानी एवं सीवर कनेक्शन स्वीकृत नहीं करवाए हैं। वे सरकार की अधिसूचना के अनुसार निर्धारित विकल्पों में से किसी एक का चयन कर अपना कनेक्शन शीघ्र नियमित करवाएं। कार्यकारी अभियंता ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई उपभोक्ता अपना पानी एवं सीवर कनेक्शन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार स्वीकृत (मंजूर) नहीं करवाता है, तो विभाग द्वारा उसका पानी व सीवरेज का कनेक्शन काट दिया जाएगा। नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

### पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अंबाला।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में ऑब्जर्वेशन होम में पौधारोपण अभियान चलाया गया। पैरा लीगल वॉलंटियर बिम्पी रेखी ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ एवं हरित वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला।

### मनीषा ने पोस्ट मास्टर का संभाला कार्यभार

अंबाला। हरियाणा सर्कल में मनीषा बंसल बादल ने मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल का कार्यभार ग्रहण किया। वह भारतीय डाक सेवा के 1999 बैच की ऑफिसर हैं। उन्होंने 1990 से 1993 तक एमसीएम डीएवी कॉलेज चंडीगढ़ से कला स्नातक (ऑनर्स) की शिक्षा प्राप्त की। साथ ही स्वर्ण पदक के साथ स्नातक की परीक्षा में उत्तीर्ण रहीं। उन्होंने 1993 में अंग्रेजी साहित्य में परा-स्नातक के लिए पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में प्रवेश लिया। दोबारा स्वर्ण पदक के साथ उत्तीर्ण हुईं। परा-स्नातक के पश्चात, उन्होंने केएमवी, जालंधर और डीएवी कॉलेज, बठिंडा में अंग्रेजी साहित्य पढ़ाया। इसके पश्चात उन्होंने पहले ही प्रयास में सिविल सेवा की परीक्षा पास की। सितंबर 1999 में अपने फाउंडेशन कोर्स के लिए लाल बहादुर शास्त्री अकादमी, मसूरी में प्रवेश ले लिया।

### आज होगी फोटोस्टेट शॉप की नीलामी

अंबाला। नगराधीश अभिषेक ने बताया कि उपायुक्त कार्यालय के अधीन कचहरी कंपाउंड में स्थित फोटोस्टेट शॉप नंबर 2 की नीलामी वर्ष 2026-2028 के लिए 22 जुलाई 2026 को प्रातः 11 बजे तहसीलदार की अध्यक्षता में जिला नाजिर शाखा में होनी है। इच्छुक व्यक्ति समय पर पहुंच कर बोली दे सकते हैं। बोली देने से पूर्व फोटोस्टेट शॉप की राशि 25,000/- रूपए बतौर सिक्योरटी जमा करवानी होगी। बाकी शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

### कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम 26 को

**थानेसर।** सांस्कृतिक,सामाजिक एवं मनोरंजक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा कारगिल विजय दिवस उपलक्ष्य में भव्य संगीतमयी कार्यक्रम /"विजयी भव/" 26 जुलाई को पंचायत भवन सभागार में आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए सचिव सुनील अंगीरस ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर संस्थापक सदस्य अवनी गुप्ता के सेक्टर 13 स्थित प्रतिष्ठान अन्नपूर्णा रसोई में मंगलवार को बैठक हुई। समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में हुई इस बैठक का संचालन करते हुए कुरूक्षेत्र नगर प्रभारी नवीन बंसल ने बताया कि म्यूजिकल ग्रुप /"गाता रहे मेरा दिल/" के तत्वाधान में संगीतमयी कार्यक्रम /"विजयी भव/" रविवार,26 जुलाई को सेक्टर 13 स्थित पंचायत भवन सभागार में सायं 4 से 7 बजे तक होगा।

# छात्रों पर बेरहमी से हुए लाठीचार्ज पर भड़के युवा, निकाला कैंडल मार्च

## नीट पेपर लीक और छात्रों पर हुई बर्बता के विरोध में कांग्रेस की युवा इकाई ने की कड़ी निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

कांग्रेस पार्टी के 'छात्रों की गूंज' अभियान के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक राणा के द्वारा 21 दिवंगत विद्यार्थियों की स्मृति में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च त्रिवेणी चौक से प्रारंभ होकर नए बस स्टैंड शहजादपुर तक निकाला गया।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अंबाला ग्रामीण के अध्यक्ष दुष्यंत चौहान मुख्य रूप से शामिल हुए। पूर्व सूचना आयुक्त अशोक मेहता युवा ग्रामीण जिला अध्यक्ष उधम सिंह ने कार्यक्रम में शिरकत की। मार्च के दौरान सभी ने मोमबत्तियां जलाकर पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं में लगातार हो रही अनियमितताओं के कारण अपनी जान गंवाने वाले 21 विद्यार्थियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। जिला अध्यक्ष दुष्यंत चौहान ने कहा कि देश का युवा आज अपने भविष्य को लेकर गहरी चिंता में है। वर्षों की मेहनत, माता-पिता की गाढ़ी कमाई और युवाओं के सपनों को पेपर लीक माफिया लगातार कुचल रहा है लेकिन केंद्र सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया है, उनके दर्द की भरपाई कभी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की घटनाओं की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, निष्पक्ष जांच और पेपर लीक माफिया के पूरे नेटवर्क को समाप्त करना सरकार की जिम्मेदारी है। कांग्रेस पार्टी छात्रों के अधिकारों और उनके सुरक्षित भविष्य के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी। जिला अध्यक्ष ने कहा दिल्ली में अपनी जायज़ मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर जिस बेरहमी से लाठीचार्ज हुआ उसकी कड़ी आलोचना होनी चाहिए। सरकार युवाओं की आवाज़ को सुनने के बजाय उन पर बल प्रयोग करना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। पूर्व सूचना आयुक्त अशोक मेहता ने कहा कि नीट पेपर लीक जैसी घटनाएं देश के शिक्षा तंत्र और युवाओं के भविष्य पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। लाखों विद्यार्थी वर्षों की कड़ी मेहनत और अपने परिवारों के सपनों के साथ परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन जब परीक्षाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं तो उनका विश्वास टूटता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। दोषियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक राणा ने कहा कि 'छात्रों की गूंज' केवल एक अभियान नहीं बल्कि उन लाखों युवाओं की आवाज़ है जिनके सपनों के साथ बार-बार खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की घटनाओं ने युवाओं का व्यवस्था से विश्वास कमजोर किया है और अब समय आ गया है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।



शहजादपुर। छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में कैंडल मार्च निकालते हुए युवा। फोटो : हरिभूमि

### देश में पारदर्शी व निष्पक्ष परीक्षा जरूरी

राणा ने कहा कि 21 दिवंगत विद्यार्थियों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब देश में पारदर्शी, निष्पक्ष और भ्रष्टाचार मुक्त परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज़ बुलंद करने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रवेश सैनी(सचिव) निखिल गुप्ता, महेश मास्टर , साहब सिंह गुर्जर , जितेंद्र राणा, प्रताप राणा पतरेहडी, शिवम राणा पतरेहडी, रामकुमार बीबीपुर, पप्पू राणा बीबीपुर, प्रवीण बीबीपुर,काला बीबीपुर, सतपाल पूर्व सरपंच, परमजीत रोंटा, संदीप भंकर, रिंकू ,बालकिशन, रिंकू पंचायत मेंबर, बलदेव साहनी, करण राणा, पिंटू राणा, मोंटी राणा व अन्य साथी मौजूद रहे।


चित्रा सरवारा।

### युवाओं की आवाज को दबाना लोकतंत्र की हत्या : चित्रा सरवारा

**अंबाला।** युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने जंतर-मंतर पर शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षा-पत्र लीक मामलों की जवाबदेही तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन पर केंद्र सरकार के रवैये की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि जिस देश का युवा अपने भविष्य की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरने को विवश हो जाए, वहां सत्ता को आत्ममंथन करना चाहिए, न कि लोकतांत्रिक विरोध को बलपूर्वक दबाने का प्रयास करना चाहिए।

सरवारा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बार-बार पेपर लीक होने से लाखों युवाओं के सपने बिखर गए। वर्षों तक कठिन परिश्रम करने वाले अभ्यर्थियों की मेहनत कुछ लोगों के भ्रष्टाचार और सरकारी लापरवाही की भेंट चढ़ गई। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी संगठनों का दावा है कि इस पूरे घटनाक्रम से उपजी निराशा और मानसिक तनाव के कारण लगभग 20 विद्यार्थियों ने आत्महत्या जैसा दर्दनाक कदम उठाया। यदि यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक सरकार को झकझोर नहीं पाती, तो इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण और क्या हो सकता है।

## छात्रों पर पुलिस की बर्बरता से देश के हर नागरिक की आत्मा कांप गई : रोहित जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दिल्ली के जंतर मंतर पर नीट के लीक पेपर को लेकर विरोध कर रहे निहत्थे छात्रों पर बेरहमी से पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की कांग्रेस ने कड़ी आलोचना की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन का आरोप है कि केंद्र सरकार के इशारे पर पुलिस ने छात्रों पर बेरहमी से लाठियां चलाकर उन्हें लहूलुहान किया है। जैन ने धरने पर छात्रों का समर्थन करने पहुंचे नेता विपक्ष राहुल गांधी के साथ किए गए व्यवहार पर भी निराशा जताई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने दिल्ली पुलिस की ओर से कि गए लाठीचार्ज ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। निहत्थे छात्रों पर बेरहमी से लाठियां बरसाकर उनके सिर फोड़ दिए गए। सड़क पर बिखरा छात्रों के खून से हर भारतीय दुखी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मी भीड़ से अलग युवाओं को ताकत के साथ बर्बर तरीके से घसीटते भी दिख रहे हैं। नीले रंग की वर्दी में लाठीचार्ज करने वाले कई सुरक्षाकर्मियों की ड्रेस में कोई नेम प्लेट भी नहीं थी। यहां तक कि बिना वर्दी के युवा भी छात्रों पर बेशर्मी से लाठियां बरसा रहे थे। जैन ने कहा कि सरकार ने बर्बर तरीके से छात्रों की आवाज दबाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने छात्रों को रोकने के लिए हर हथकंडा अपनाया। उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए। पानी की बौछारों से भी युवाओं को रोकने का प्रयास किया गया। इस प्रयास में कई युवा बुरी तरह से जख्मी हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने युवाओं की बात सुनने के बजाय उन्हें लाठियों,डंडो,आँसू गैस के गोलों का बल प्रयोग से जवाब दिया। शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल अनेक छात्र-छात्राएं घायल हुईं। कई युवतियों के साथ जिस प्रकार का व्यवहार सामने आया, उसने पूरे देश को झकझोर दिया।



### यह छात्रों पर नहीं हर परिवार पर हमला

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन ने दिल्ली में युवाओं पर हुए लाठीचार्ज का किया कड़ा विरोध, कहा सरकार ने बिना वर्दी वाले गुंडों से निहत्थे छात्रों पर करवाया हमला प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व डेलीगेट एडवोकेट रोहित जैन ने छात्रों पर हुए हमले को देश के हर परिवार की आत्मा पर हमला करार दिया है। उन्होंने कहा कि छात्रों पर पुलिस की बर्बरता देखकर हर नागरिक कद मन दुखी है। उन्होंने कहा कि छात्रों पर हुई बर्बरता का अब पीएम मोदी को भी जवाब देना होगा। आमतौर पर पहले वे बिना जवाब दिए ही बच निकलते थे। मगर इस बार ऐसा बिल्कुल नहीं होगा।जैन ने देश के हर देशभक्त नागरिक से अपील की छात्रों के इंसाफ के लिए एकजुट होकर सरकार की नीतियों का विरोध करें।

# डॉ. नीरू मित्तल 'नीर' के साहित्य पर विश्वविद्यालय में होगा शोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकुला

हिंदी साहित्य के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि प्रतिष्ठित साहित्यकार और समाजसेवी डॉ. नीरू मित्तल 'नीर' के साहित्यिक योगदान को अब शोध के माध्यम से अकादमिक विमर्श का विषय बनाया जाएगा। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, अस्थल बोहर (रोहतक) के हिंदी विभाग की डॉक्टोरल रिसर्च कमेटी (डीआरसी) ने उनके साहित्य पर पीएच.डी. शोध के लिए विषय को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

विश्वविद्यालय के आदेशानुसार शोधार्थी प्रीति (पुत्री श्री सुरेंद्र) "डॉ. नीरू मित्तल 'नीर' के साहित्य में चित्रित विसंगतियाँ" विषय पर शोध करेंगी। यह शोध कार्य हिंदी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुमन के निर्देशन में संपन्न होगा। डीआरसी की बैठक में अनुमोदन तथा कुलपति की स्वीकृति के बाद इसे औपचारिक मंजूरी प्रदान की गई।



प्रस्तावित शोध में डॉ. नीरू मित्तल 'नीर' के साहित्य में अभिव्यक्त सामाजिक सरोकारों, सांस्कृतिक चेतना, नारी विमर्श, मानवीय मूल्यों तथा समकालीन जीवन की विसंगतियों का गंभीर अध्ययन किया जाएगा। हिंदी विभागाध्यक्ष एवं प्रख्यात विद्वान प्रो. डॉ. बाबूराम ने डॉ. नीरू मित्तल 'नीर' को शोध स्वीकृति-पत्र सम्मानपूर्वक प्रदान किया। उन्होंने नीरू मित्तल को बधाई देते हुए उनकी पुस्तकों के विभिन्न भाषाओं में अनुवाद को सराहा। प्रज्ञा साहित्यिक मंच, हरियाणा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मधुकांत ने नीरू मित्तल को बधाई देते हुए कहा कि वे अनेक विधाओं में अपनी पकड़ बना चुकी हैं। अखिल भारतीय प्रेरणा साहित्य एवं शोध संस्थान, कुरुक्षेत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान सिंगला ने कहा कि वे भविष्य में भी इसी तरह साहित्य सेवा करती रहें।

# रस्सी पर करतब दिखा रहे बच्चों को किया रेस्क्यू

■ चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की चयरपर्सन की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

सड़क किनारे रस्सी पर खतरनाक तमाशा कर रहे बच्चों के मामले में चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की चयरपर्सन की सूचना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 और 7 साल के दो मासूम बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू कर किया है। जिला चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की चेयरपर्सन के आदेश पर फिलहाल बच्चों को बाल किशोरी कुंज व राधा कृष्ण बाल आश्रम में भेजा गया है। मंगलवार दोपहर को एक महिला और एक पुरुष अपने मासूम बच्चों से कस्बा में अलग-अलग जगहों पर रस्सी पर चलने जैसे खतरनाक करतब करवा रहे थे। इसकी सूचना किसी ने जिला चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की चेयरपर्सन रंजीता सचदेवा को दे दी। सूचना मिलते ही जिला चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मुख्य बाजार में बच्चों का सुरक्षित रेस्क्यू कर अपने साथ थाने ले गई। दोनों बच्चों के माता पिता का कहना था कि यह हमारा पुश्तैनी काम है। चेयरपर्सन रंजीता सचदेवा से जब इस मामले में बात की गई तो उन्होंने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि रोजी रोटी के नाम पर बच्चों से खतरनाक खेल तमाशे करवाना गलत है। उन्होंने कहा कि फिलहाल रेस्क्यू किये गए मासूम बच्चों में से एक बच्ची को नारायणगढ़ में स्थित बाल किशोरी कुंज व राधाकृष्ण बाल आश्रम में भेजा गया है। उन्होंने कहा कि दोनों बच्चों के माता पिता को बुलाकर काउंसलिंग की जाएगी। उन्हें बच्चों की शिक्षा को लेकर जागरूक भी किया जाएगा।बताया जाता है कि मासूम बच्चों से सड़क किनारे रस्सी पर खतरनाक तमाशा या करतब दिखाना बच्चों के जीवन को खतरे में डालने, उनका शोषण करने और बाल अधिकार कानून तोड़ने के समान है। रस्सी के खेल में बच्चों के गिरने या गंभीर रूप से घायल होने का खतरा रहता है।


शहजादपुर। बच्चों को रेस्क्यू करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

# बूथ सशक्त होगा तो संगठन को मिलेगी मजबूती

■ टिफिन बैठक में बूथ सत्यापन और डिजिटल लर्निंग पर रहा फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्षा डॉ. अर्चना गुप्ता के निर्देशानुसार मंगलवार को पूरे प्रदेश में सभी शक्ति केंद्रों पर एक साथ /"टिफिन बैठक/" का आयोजन किया गया। इस संगठनात्मक अभियान का उद्देश्य बूथ स्तर तक पार्टी को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है।

इसी क्रम में अंबाला शहर के बूथ नंबर 89,90 एवं 91 पर आयोजित टिफिन बैठक में पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने कार्यकर्ताओं के साथ सहभागिता की। बैठक में बूथ अध्यक्षों, बीएलए, शक्ति केंद्र प्रमुखों तथा अन्य पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत बूथ संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्हें विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं संगठनात्मक ऐप्स के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई, जिससे भविष्य में पार्टी की गतिविधियों का संचालन और अधिक सुचारु एवं तकनीक आधारित हो सके। असीम गोयल ने कहा कि भाजपा केवल चुनावों के समय सक्रिय होने वाली पार्टी नहीं है, बल्कि वर्षभर संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने और समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच बनाने के लिए निरंतर कार्य करती है। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों से लाए गए टिफिन सांझा कर संगठन में आपसी आत्मीयता, समर्पण और एकजुटता का संदेश भी दिया। भाजपा की /"टिफिन बैठक/" का उद्देश्य केवल संगठनात्मक समीक्षा ही नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के बीच संवाद, समन्वय और पारिवारिक वातावरण को और अधिक मजबूत करना भी है।


अंबाला। बैठक में बूथ कार्यकर्ताओं से बातचीत करते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

### बूथ स्तर पर संगठन मजबूत होगा

पूर्व मंत्री ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और बूथ स्तर पर संगठन जितना मजबूत होगा, पार्टी उतनी ही अधिक प्रभावी ढंग से जनता के बीच अपनी पहुंच बनाएगी। उन्होंने बताया कि इस बैठक का प्रमुख उद्देश्य बूथ पदाधिकारियों का सत्यापन कर उनके अद्यतन विवरण को सरल पोर्टल पर अपलोड करना है, ताकि संगठन का डेटा पूरी तरह प्रमाणिक, अद्यतन और व्यवस्थित रहे। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं को संगठन की डिजिटल कार्यप्रणाली से जोड़ने के लिए डिजिटल लर्निंग पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

# एमएचयू में 5.58 करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा गर्ल्स छात्रावास

■ महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में बनने वाले छात्रावास का कुलपति ने किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चांदसौली में मंगलवार को 5.58 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले गर्ल्स हॉस्टल का कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने विधिवत शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद कुलपति द्वारा पौधारोपण किया। इस दौरान कुलसचिव प्रो. सुरेंद्र सिंह, डीआर डॉ. विशाल राणा, वित्त नियंत्रक संजीव जोशी, डीन डॉ. देवराज, एक्सईएन अनुज गुप्ता सहित अन्य वैज्ञानिक, अधिकारीगण मौजूद रहे। एमएचयू के कुलपति प्रो. सुरेश ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा करनाल में एमएचयू की स्थापना अनुसंधान एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए की गई। इसी मद्देनजर चांदसौली में भी एमएचयू का क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र स्थापित किया गया। जनवरी 2025 में मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा चांदसौली में बागवानी महाविद्यालय की घोषणा कर दी थी। महाविद्यालय के लिए 30 सीटें निर्धारित कर 2025 से एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है।


शहजादपुर। कुलपति व अन्य शिक्षक छात्रावास का शिलान्यास करते हुए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

# कुरुक्षेत्र जिला बैडमिंटन पुरुष एवं महिला टीम का सेलेक्शन ट्रायल्स 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र।

जिला बैडमिंटन संघ द्वारा कुरुक्षेत्र जिला बैडमिंटन पुरुष एवम महिला टीम का सेलेक्शन ट्रायल्स का आयोजन वायर विंग्स अकैडमी, सेक्टर-7, कुरुक्षेत्र में 26 जुलाई को किया जायेगा। पीसी तिवारी ने बताया कि इस सेलेक्शन ट्रायल्स में एकल, युगल व मिश्रित वर्गों में मैच खेले जायेंगे। इस चयन में भाग लेने हेतु एकल वर्ग का प्रवेश शुल्क लिए 300 व युगल एवं मिश्रित वर्ग के लिए 500 निश्चित किया गया है। इसके लिए पंजीकरण व प्रवेश शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026, शाम 5:00 बजे तक है। सभी इच्छुक खिलाड़ी वायर विंग्स अकैडमी, सैक्टर-7 में बैडमिंटन कोच विवेक शर्मा मोबाइल 9996482388 व रोहित मंधान मोबाइल 8010336697 से संपर्क कर सकते हैं।


पीसी तिवारी।

**The Postal and RMS Employees Co-operative Bank Ltd. Ambala**
6070/10, 14 Idgah Road Ambala Cantt. - 133001, Haryana
Website: postalrms.bank.in; Email: hrd@postalrms.bank.in
A Multi State Co-Operative Society registered under the MSCS, Act 2002
**Applications are invited for the following posts against sanctioned regular posts.**

| S. No | Post | Pay Scale | No of Post | Eligibility/Qualification | Max Age as on 01-07-2026 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Senior Manager | 52500-123750 | 01 | Graduate preferably with M.Com/ MBA (Finance) or Post graduation in any discipline. Min exp. of 05 yrs in Banking Sector | 45 yrs |
| 2. | Bank Assistant | 20000-63600 | 06 | Graduate with computer Knowledge | 30 yrs |
| 3. | Group-D/MTS | 15000-47450 | 04 | 12th | 30 yrs |

Applicants can apply till 6th August 2026 through email at **hrd@postalrms.bank.in** only. Only short-listed candidates will be contacted/called upon for interview process through Email/Mobile and will be provided fixed time and place for the interviews.
**Note:** 1. The short listing of candidates by the selection committee shall be final.2. Mere filing of the application form does not grant any right/entitlement of job confirmation upon any person. 3. No telephonic or email communication shall be entertained by the Bank with regard to any query regarding the advertisement and candidates can seek information by visiting the bank premises in person.
22.07.2026 Chief Executing Officer